विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2023 के प्रथम सोमवार के लिये निर्धारित डा0 मान सिंह यादव मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या–31 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 31 (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जनता विहार कालोनी, वादर खेड़ा बुद्धेश्वर, लखनऊ में मेन रोड़ से आशीष कुमार यादव के घर तक लगभग 50 मीटर जर्जर रोड को सी0सी0 रोड़ व नाली बनाये जाने का आगणन नगर निगम कार्यालय, लखनऊ में स्वीकृति हेतु विचाराधीन है ? | जनता विहार कालोनी, वादर खेड़ा बुद्धेश्वर, लखनऊ की जनता विहार कालोनी प्राइवेट कालोनाइजर/सोसाइटी द्वारा अनियोजित ढंग से बसाई गयी है, जिसका तलपट मानचित्र लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत नही है। ऐसी कालोनियों के विकास का प्रथम दायित्व सम्बन्धित कालोनाइजर/सोसाइटी का होता है, फिर भी व्यापक जनहित के दृष्टिगत नगर निगम द्वारा समय–समय पर अपने सीमित संसाधनों से ऐसी कालोनियों में जनसुविधाएं विकसित करने का निर्णय लिया जाता है। |
| (ख) यदि हॉ, तो कब तक उक्त आगणन को स्वीकृत कराते हुये कार्य को पूर्ण करायेंगे ? | नगर निगम के निर्णय पर निर्भर है। |

ए. के. शर्मा
मंत्री
नगर विकास विभाग।

Scanned with OKEN Scanner